बीफार्मा की पहली मेरिट आज
13 से 15 जून तक होंगे प्रवेश

बीफार्मा में छात्रों का क्रेज बढ़ता देख सीसीएसयू ने एमफार्मा शुरू करने की तैयारी की

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) में संचालित होने वाले चरक स्कूल ऑफ फार्मेसी में संचालित बी-फार्मा सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए पहली मेरिट बुधवार को जारी की जाएगी।

13 से 15 जून तक मेरिट के आधार पर प्रवेश लिए जाएंगे। पहली मेरिट के लिए छात्र ऑफर लेटर अपनी लॉगइन आइडी से डाउनलोड करें और आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ फार्मेसी विभाग में समय से अपना प्रवेश सुनिश्चित करा लें। पहली मेरिट के बाद रिक्त रहने वाली सीटों के लिए दूसरी मेरिट से 18 से 20 तक प्रवेश लिए जाएंगे।

बी-फार्मा द्वितीय वर्ष में देरी से प्रवेश लेने वालों के लिए वरीयता सूची 20 जून के बाद जारी की जाएगी। प्रवेश संबंधित समस्या के समाधान के लिए छात्र 7217334353 पर संपर्क कर सकते हैं।

विवि में यह कोर्स सत्र 2023-24 में शुरू किया गया था। बीफार्मा कोर्स के प्रति छात्रों

की डिमांड को बढ़ती देखते हुए सीसीएसयू ने अब एमफार्मा शुरू करने की तैयारी भी कर ली है। इस बार भी गत वर्ष की तरह बीफार्मा में अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

बीफार्मा में प्रवेश के लिए विवि में सौ सीटें है। प्रवेश समन्वयक प्रो. भूपेंद्र ने बताया की पिछले साल इसके लिए सीसीएसयू में सौ सीटें थी, लेकिन पोर्टल पर फार्म देरी से खोले गए थे और रजिस्ट्रेशन के लिए भी कम समय मिला था। इसलिए पचास ही सीट भर पाई थी, लेकिन इस बार इसके लिए अभी तक सौ सीटों के लिए 6 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके है। ऐसे में इस बार बीफार्मा की डिमांड अधिक देखी जा रही है।

एमएड और एलएलएम कोर्स के लिए पंजीकरण बंद

चौधरी चरण सिंह विवि परिसर और उससे संबंधित मंडल के सभी कॉलेजों में एमएड और एलएलएम कोर्स में प्रवेश के लिए मंगलवार को आवेदन बंद कर दिए गए हैं। अब विवि की ओर से इन कोर्स में आवेदन के लिए अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी। विवि सूत्रों के अनुसार एमएड और एलएलएम में प्रवेश के लिए परीक्षा जून के आखिरी सप्ताह में आयोजित की जा सकती है। विवि की ओर से जल्द ही परीक्षा की तिथि और केंदरों की सूची जारी कर दी जाएगी। विवि में एलएलएम के लिए 3184 और एमएड में 2132 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किए हैं। बता दें कि विवि में एलएलएम में पांच सौ से कम सीटें हैं और एमएड में डेढ़ हजार। एमएड और एलएलएम में पंजीकरण 7651 हुए हैं और 5316 ने फीस जमा कर आवेदन पूरा कर लिया है।